अव्यवस्था स्थायी अधिकारी नहीं होने से बिचौलिये और स्टांप वेंडर हो रहे सक्रिय

गंदगी और अव्यवस्था से जूझ रहा उप पंजीयन कार्यालय

नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव। शासन के खजाने में प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व जमा करने वाला गोटेगांव उप पंजीयन कार्यालय वर्तमान में घोर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक उपेक्षा का केंद्र बन गया है। रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को यहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सप्ताह में केवल दो दिन खुलता है ताला

कार्यालय परिसर की स्थिति यह है कि चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया है। कार्यालय की सबसे बड़ी समस्या स्थायी अधिकारी का न होना है। वर्तमान में पदस्थ रजिस्ट्रार सप्ताह में केवल दो दिन ही गोटेगांव में सेवाएं देते हैं, जबकि शेष समय उनकी ड्यूटी तेंदूखेड़ा में रहती है। महज दो दिनों में पूरे क्षेत्र की रजिस्ट्रियों का बोझ होने के कारण कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ती है। समय की कमी और अव्यवस्था का फायदा उठाकर बिचौलिये और स्टांप वेंडर सक्रिय हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रजिस्ट्री का नंबर लगवाने के नाम पर उनसे अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने अब मांग की है कि गोटेगांव में पूर्णकालिक कार्यालय संचालित किया जाए और स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए।

इनका कहना है

गोटेगांव उप पंजीयन कार्यालय की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा। हम इस विषय में उच्च अधिकारियों और रजिस्ट्रार से चर्चा करेंगे। प्रथम दृष्टया समस्या स्टाफ की कमी की लग रही है, क्योंकि जिले के कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी है। इसके बावजूद हम वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल बैठाकर आवश्यक निर्णय लेंगे और पूरे मामले की जांच कराएंगे ताकि जनता को जल्द राहत मिल सके।

-संघमित्रा गौतम
एसडीएम,गोटेगांव

असहाय लोगों को राहत देने बाला आश्रय स्थल बदहाल

नवभारत,गोटेगांव। नगर के लाठगांव रोड पर पानी की टंकी के समीप बनाया गया आश्रय स्थल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करीब चार साल पहले नर्मदा परिक्रमा वासियों और असहाय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से इस भवन का निर्माण कराया गया था, लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण यह सफेद हाथी साबित हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि चार साल बीत जाने के बाद भी यहां अब तक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। साथ ही यहां रुकने वाले लोगों के लिए पीने के पानी तक का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। हालांकि प्रशासन ने दिखावे के लिए अंदर पलंग और गद्दे तो रखवा दिए हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड के बावजूद सुविधाओं के अभाव में लोग यहां शरण लेने से कतरा रहे हैं। जो लोग मजबूरी में यहां रुकते हैं, उन्हें दैनिक क्रियाओं और शौचालय के लिए खुले में बाहर जाना पड़ता है। वहीं पानी की तलाश में उन्हें यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। जिस सेवा भाव और मकसद से लाखों की लागत लगाकर यह आश्रय स्थल तैयार किया गया था, वह बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है।

दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

नवभारत,नरसिंहपुर। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध OPERATION EAGLE CLAW जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं में विगत दिवस थाना सुआतला एवं थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा अवैध नशे के प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा अवैध गांजा एवं स्मैक जप्त की गयी है।

दिनांक 15.01.2026 की रात्रि में राजमार्ग चौराहे पर पुलिस टीम द्वारा नाके बंदी के दौरान संदेह के आधार पर एक ट्रक को रोका गया जो पुलिस टीम को देखकर स्टापर को धक्का देते हुए तेजी से बरमान की ओर भागा जिस पर सुआतला पुलिस द्वारा बरमान चौकी को सूचित किया गया सूचना पर पुलिस द्वारा मजबूत नाकेबंदी की गयी एवं उक्त ट्रक को रोका गया ट्रक रोकने के बार वाहन चालक एवं एक अन्य व्यक्ति वाहन से उतरकर भागने लगे पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपियों का पीछा किया गया जिसके परिणाम स्वरूप आरोपियों को गिरफ्त में लेकर पूछताछ पर उनके द्वारा गोल-मोल जबाव दिया गया। जिस पर और अधिक संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गयी में ट्रक के ऊपर चालाकी से विशेष बॉक्स बनाकर छिपाया गए गांजे कुछ पैकेट दिखाई दिए जिन्हे ट्रक से बाहर निकालकर चैक करने पर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा पाया गया। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा उक्त गांजे को उडीसा-छत्तीसढ तरफ से भोपाल की ओर ले जाना बताया गया है। आरोपी 1 शकील खान निवासी देवरी पार्वती, जिला सीहोर म.प्र.। आरोपी 2 अमन कुशवाहा निवासी नानकपुर, आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र.। जप्त मादक पदार्थ 106 किलोग्राम अवैध गांजा (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 लाख अनुमानित) अन्य जप्ती एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 9648 कीमत लगभग ? 30 लाख रूपये एवं दो मोबाईल कीमत लगभग 15 हजार रूपये जप्त। वैधानिक कार्यवाही धारा 8, 20 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध। इसी प्रकार दिनांक 16.01.2026 को थाना स्टेशनगंज पुलिस को भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम डोकरघाट मुन्ना ढाबा के पास एक व्यक्ति अवैध स्मैक लेकर घूम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा प्रभावी घेराबंदी की गयी जिस पर आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पीछा कर उसे गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में समैक जप्त की गयी है।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

नवभारत,तेंदूखेड़ा। प्रतिवर्ष की भांती बरमान मेला में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ ।जिसमें परम्परा अनुसार कांग्रेस एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। जिसमें दोनों तरफ से वाद विवाद दोषारोपण संवाद हुआ जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनीता पटेल वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल जिले के वरिष्ठ डॉ संजीव चंदोलकर डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह दिनेश पटेल किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष पटेल सेवादल के सौरभ शर्मा जनपदअध्यक्ष सोबरन ठाकुर मनीष कौरव आयुष रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल राजेंद्र पटेल प्रियंका दीक्षित संगीता जायसवाल अनुज कौरव संजय कौरव सहित समस्त बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस की हुंकार, मनरेगा का नाम बदलने पर जताया विरोध

नवभारत,साईंखेड़ा। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी को जमीनी रूप से सशक्त बनाने और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में साईंखेड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल सहित जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने दोटूक शब्दों में कहा कि अब केवल चुनाव के समय सक्रिय होने वाले नेताओं की पहचान जरूरी है। निर्णय लिया गया कि अब से जिले और विधानसभा में होने वाले

प्रत्येक आंदोलन, धरना और विरोध प्रदर्शन के लिए एक उपस्थिति रजिस्टर तैयार किया जाएगा। यह रिकॉर्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भेजा जाएगा, ताकि टिकट वितरण के समय केवल संघर्षशील और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही प्राथमिकता मिले। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जो नेता केवल शादी-ब्याह और निजी कायक्रमों तक सीमित हैं, उन्हें संगठन की मजबूती के लिए अब मैदान में उतरना होगा। जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की असली ताकत हमारे ग्रामीण कार्यकर्ता हैं। बैठक में तय हुआ कि जिले के हर गांव में जाकर ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। नेताओं को निर्देश दिए गए कि वे पहले अपने स्वयं के मतदान केंद्र और ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करें, तभी विधानसभा और लोकसभा स्तर पर जीत सुनिश्चित की जा सकती है। जनता की लड़ाई-लड़ने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष के संघर्षों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने किसानों और आम जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर न्याय दिलाया है, उसी भावना के साथ सभी मंडल और सेक्टर अध्यक्षों को काम करना होगा। बैठक में सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुँचाने पर भी चर्चा हुई।

सत्ता की कमान पतियों के हाथ, हाशिए पर महिला सरपंच और सशक्तिकरण

नवभारत,गोटेगांव। जनपद पंचायत गोटेगांव की कई ग्राम पंचायतों में महिला सशक्तिकरण के दावों की हवा निकल रही है। क्षेत्र की 90 ग्राम पंचायतों में से अधिकांश में महिला सरपंचों के बजाय उनके पति या पुत्र ही पंचायत का कामकाज और दबदबा संभाल रहे हैं। आलम यह है कि निर्वाचित महिला सरपंच केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण तक ही सीमित रह गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों की महत्वपूर्ण बैठकों में महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पुरुष परिजन शामिल होते हैं और वही सारे निर्णय लेते हैं। इससे न केवल संवैधानिक नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि शासन की

उस मंशा पर भी पानी फिर रहा है जिसके तहत महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण दिया गया था। इधर, पंचायतों के खुलने का कोई निश्चित समय न होने से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है। कई सचिवों के पास दो-दो पंचायतों का प्रभार होने के कारण वे नदारद रहते हैं, तो वहीं ऑनलाइन कार्य के लिए नियुक्त रोजगार सहायक भी अक्सर पंचायतों से गायब पाए जाते हैं।

एक नजर में

छात्राओं को सिखाए जा रहे आत्मरक्षा के गुण

नवभारत,तेंदूखेड़ा। शासन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9 से 11 की छात्राओं को आत्म रक्षा के गुण सिखाये जा रहे हैं। संस्था प्राचार्य रश्मि शर्मा ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को विपरित परिस्थितियों से निपटने की दिशा में स्वयं आत्म रक्षा कर सकें। और छात्राओं के मन में आत्मबल बढ़े इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षक अभिलाषा उपाध्याय के माध्यम से छात्राओं को समय समय पर प्रशिक्षित किया जाता रहता है।

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवभारत,करेली। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन में कृष्ण विवाह के सुंदर कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर श्री कृष्ण की बारात बसंत विहार कॉलोनी में राजेंद्र रितु पांडे के निवास से भगवान की आरती पूजन कर ढोल बाजों की थाप पर पिंक कलर का साफा पहन बाराती ने डांस कर जयकारो के साथ करेली नगर के प्रमुख मार्ग से चलकर राम वार्ड में अमित पांडे के निवास पर पहुंचकर भगवान की आरती कर कृष्ण रुक्मणी शादी विवाह की सभी रस्मों को पंडित जी ने विधि विधान से पूर्ण कराया कृष्ण जी और रुक्मणी विवाह में माता बहनों ने पांव पूजन के समय शादी के संगीतमय गीतों भजनों से वातावरण को अपार श्रद्धा का विवाह कराकर स्मरणीय धार्मिक आयोजन किया।

30 को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का आंदोलन, 21 से क्रमिक अनशन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। किसान एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नरसिंहपुर द्वारा आगामी 30 जनवरी को वृहद स्तर पर आंदोलन और 21 जनवरी से 29 जनवरी तक क्रमिक अनशन शुरू किया जायेगा।संघ के सदस्यों द्वारा गांव गांव जाकर बैठकों का सिलसिला चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर साथी उपस्थित हो रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार यह बैठकें आगामी 30 जनवरी 2026 को प्रस्तावित विशाल आंदोलन की तैयारी के तहत आयोजित की जा रही हैं। बैठकों में किसानों की गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आंदोलन के प्रमुख मुद्दों को सर्वसम्मति से रखा जा रहा है । इस आंदोलन में प्रमुख रुप से चिकनी बैराज से वंचित विंध्याचल क्षेत्र के ग्रामों को शीघ्र सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाए ।

जयवार परिवार में शोक

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस हीरापुर के प्रतिष्ठित जयवार परिवार के अनूप जयवार प्रसन्न जयवार प्रफुल्ल जयवार प्रभात जयवार की पूज्य माताजी का दुखद निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

गहोई दिवस समारोह आज

नवभारत,गाडरवारा। श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत द्वारा आज 18 जनवरी, रविवार को गहोई दिवस पर प्रातः 09.30 बजे श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर पुरानी गल्ला मंडी में समापन होगा। वहीं कोचर रिसोर्ट, शनि मंदिर के पास समस्त मंचासीन कार्यक्रम होंगे 12 बजे से भोजन उपरांत दोपहर 02 बजे से 4.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण शाम 4.30 बजे से होंगे। आयोजन के मुख्य अतिथि शिवकुमार नीखरा अध्यक्ष महाकौशल क्षेत्रीय सभा, अध्यक्षता डॉ. बैजनाथ नगरिया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा रहेंगे। विशेष अतिथि शरद कठल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ट संघ, नीतेश खंताल अध्यक्ष एवं श्रेयांश कठल कोषाध्यक्ष महाकौशल नवयुवक मंडल उपस्थित रहेंगे। सभी सामाजिक जनों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील आयोजक सकल गहोई समाज ने की है।

कुकलाह पोनिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ

नवभारत,गोटेगांव। विगत दिवस ग्राम कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ गोटेगांव कुकलाह के पास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विधिवत शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा स्थल से ग्राम कुकलाह में पूजन अर्चन कलश स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है भव्य कलश यात्रा में महिलाए पुरुष कन्या श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे शुभारंभ 17जनवरी से 24 जनवरी तक होगा सात दिनों तक चलने वाली इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध पंडित ध्रुव देव महाराज बाबरिया वाले को आमंत्रित किया गया है जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्या जीवन लीलाओं तथा प्रमुख प्रसंगों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेंगे श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक अवसर माना जा रहा है।

लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयागराज ने सिवनी बनापुरा को हराया

नवभारत,गाडरवारा। रुद्र मैदान पुराने कालेज ग्राउंड पर लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 विधायक कप में प्रयागराज ने सिवनी बनापुरा हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया । मैच की शुभारंभ पर नगर के पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक अतिथि के रूप में शामिल हुए ओर प्रयागराज सिवनी बनापुरा टीम के खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका उत्साह वर्धन करते हुए सिक्का उछालकर टॉस कराया। वरिष्ठ पत्रकार कौशलेंद्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता भगवान त्रिपाठी घनश्याम राजपूत ने संबोधित करते हुए अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन की प्रशंसा की । इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक सराठे, लखन पटेल, गोविंद वर्मा, राजेश शर्मा, मयंक जैन भी उपस्थित रहे । मंच संचालन अब्दुल फिरोज खान, आभार

प्रदर्शन रीतेश राय ने किया । सभी पत्रकारों ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि लाईन्स क्रिकेट क्लब क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे ब?ाने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन लगातार करते चला आ रहा है । शनिवार को खेले गए मैच में प्रयागराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 150 रन बनाए । जवाबी पारी खेलते हुए सिवनी बनापुरा 107 पर आलआउट हो गई ओर प्रयागराज ने 43 रन से मैच जीत लिया । प्रयागराज टीम के बल्लेबाज दिव्यांशु ने 8 बॉल में 1 रन, देवांश ने 27 बॉल में 21 रन 2 चौके , अंशु ने 15 बाल में 18 रन 4 चौके, सचिन 15 बॉल में 11 रन 1 चौका, अजय 7 बाल कोई रन नही, वरतुल 14बॉल 16 रन 3 चौके, हर्षित 25 बॉल 38 रन 5 चौके 1 छक्का, सूजल 11 बॉल में 16रन 2 चौके , अमन 1 बॉल में 2 रन बनाये । सिवनी से बोलिंग करते हुए अभिनव ने 4ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट, अर्सलान 4ओवर 26रन 2 विकेट, सौरभ 4 ओवर 40 रन 1विकेट, युवराज 4 ओवर 21रन 1 विकेट, संकेत 4 ओवर 29 रन 1विकेट लिया ।

अभियान गठित दल द्वारा घर- घर जाकर पंचायतों व नगरीय वार्डों में नागरिकों से लिए जा रहे आवेदन

जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा

नवभारत,नरसिंहपुर। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये अभियान 4 चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन/ शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जायेगी। संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। इसमें आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक ग्राम

पंचायत/नगरीय निकायों के वार्ड में नगरीय वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है, जिसमें ग्राम/ नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है। पंचायत- नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन- शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं/ सेवाओं से संबंधित आवेदनों को घर-घर जाकर एकत्रित कर रह रहे हैं। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं। अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 16 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा जाएगा। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन के साथ शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये शिविर लगाए जाएंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारिण संबंधित कर जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों का समूह में निर्धारित किया जाएगा।

शिविर का आयोजन किया जाएगा

शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका/ नगर पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। गठित टीम द्वारा प्राप्त आवेदन/ शिकायतों का निराकरण क्लस्टर/ जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण पोर्टल पर क्लस्टर/ जोन लेवल के नोडल अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक चलेगा। इस चरण में ब्लॉक नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए आएंगे, जिसमें क्लस्टर, जोन लेवल पर अनिराकृत आवेदन व शिकायतों/ नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

मिलावटखोरी का कारोबार चरम पर, लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

नवभारत,गोटेगांव। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मिलावटखोरी का कारोबार चरम पर है। बाजारों में मिलावटी खाद्य सामग्री और रसायनों से तैयार सब्जियां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग (फूड सेफ्टी विभाग) सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे बैठा है।

जिम्मेदार अधिकारियों की यह चुप्पी अब संदेह के घेरे में है। महंगाई के इस दौर में आम आदमी एक तरफ तो सातवें आसमान को छू रहे खाद्य पदार्थों के ऊंचे दाम चुका रहा है, वहीं बदले में उसे शुद्धता के बजाय गंभीर बीमारियां मिल रही हैं। दुकानदारों पर अधिक मुनाफा कमाने का ऐसा जुनून सवार है कि वे लोगों की जान से खिलवाड़ करने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे पैसे देने के बाद भी उन्हें शुद्ध घी, तेल या मसाले नहीं मिल

पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजार में बिकने वाली हरी सब्जियों को ताज़ा और आकर्षक दिखाने के लिए ऑक्सीटोसिन और अन्य घातक केमिकल्स का उपयोग किया जा रहा है। दूध में पानी के बजाय अब खतरनाक रसायनों का मिश्रण कर उसकी मात्रा ब?ाई जा रही है। चिकित्सकों का मानना है कि इन मिलावटी पदार्थों और केमिकल्स के लगातार सेवन से लीवर, किडनी, पेट से संबंधित गंभीर बीमारियों सहित कैंसर जैसी जानलेवा स्थिति निर्मित हो सकती है।